हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 जाम और हादसों की जड़ पर वार बुल्डोजर...




07 ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा...



## खबर संक्षेप

### श्रीकांत कौशिक बने भाजयुमो के प्रशिक्षण सह प्रभारी



**सागर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। सागर जिले के खुरई निवासी श्रीकांत कौशिक को युवा मोर्चा का प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी बनाया गया है। बड़ी संख्या में सागर जिले के युवा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कौशिक का कहना है कि वे पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी को कत्र्तव्यनिष्ठा से पूरा करेंगे।

### उर्वरक का विक्रय ई-विकास प्रणाली से ही करें

**सागर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय के एक अप्रैल से शत प्रतिशत उर्वरक का विक्रय ई-विकास प्रणाली के माध्यम से करने के दिये गये निर्देशानुसार जिले के समस्त उर्वरक विकेताओं को करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के सभी उर्वरक विकेताओं को उर्वरक का शत प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ई-विकास प्रणाली से उर्वरक विक्रय नहीं करने वाले उर्वरक विक्रेताओं पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### आवेदिकाओं को अनंतिम चयन पर आपत्ति

**सागर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना सागरग्रामीण 02 के तहत कार्यकर्ता के 4पद एवं सहायिका के 8 पद रिक्त थे, जिन पर एमपी आनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए । जिनमें से सहायिका के 3 पद चितौरा 405, ढाना 207, पथरिया जाट 416 में एसडीएम सागर की अध्यक्षता में खंड स्तरीय समीति की बैठक में एम पी आनलाईन से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण और अवलोकन के बाद आवेदिकाओं का चयन अनंतिम रूप आज किया गया है। जिन आवेदिकाओं को अनंतिम चयन पर आपत्ति है, वे आगामी 7 दिवस के अंदर आनलाईन चयन पोर्टल के माध्यम से आनलाईन दर्ज करा सकती है।

### जरुआखेड़ा स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

**खुरई।** बीना-कटनी रेल मार्ग पर जरुआखेड़ा स्टेशन के पास पटना-अंबेडकर नगर एक्सप्रेस से गिरकर एक बुजुर्ग महिला की जान चली गई। हैरानी की बात यह रही कि हादसे के बाद महिला का शव करीब 6 घंटे तक पटरी के पास ही पड़ा रहा। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले की रहने वाली शांति देवी अपने बेटे राजेश कुमार दुबे के साथ पथरी का इलाज कराने उज्जैन जा रही थीं। राजेश ने बताया कि कटनी स्टेशन पर खाना खाने के बाद उनकी मां सो गई थीं। रात में जब वे बाथरूम जाने के लिए उठीं, तो अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रेन से नीचे गिर गईं। बेटे को शांति देवी के गायब होने का एहसास तब हुआ जब ट्रेन बीना स्टेशन पहुंची। घबराए हुए परिजन विदिशा में ट्रेन से उतरे और जीआरपी को इसकी जानकारी दी। काफी खोजबीन के बाद उन्हें पता चला कि जरुआखेड़ा के पास एक महिला का शव पड़ा है। सागर पहुंचकर जब परिजन ने फोटो देखी, तो उनकी पहचान शांति देवी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि रेलवे के कर्मचारियों को इस घटना की खबर मिल गई थी और उन्होंने जीआरपी को भी बता दिया था। इसके बावजूद पुलिस को मौके पर पहुंचने में 6 घंटे लग गए। इतनी देर तक शव खुले में पटरी के पास पड़ा रहा, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी है। सागर जीआरपी के एएसआई संतोष मर्सकोले ने बताया कि खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। शुरुआती जांच में यह ट्रेन से गिरने का मामला लग रहा है।पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**प्रशिक्षु आईपीएस दीपांशु के नेतृत्व में जुए के बड़े गिरोह पर सागर पुलिस की ऐतिहासिक कार्रवाई**

# हार-जीत का दांव लगाते 21 जुआरी गिरफ्तार लाखों रुपए नगद सहित भारी मशरूका जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उइके तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना सुरखी प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस दीपांशु के कुशल नेतृत्व, त्वरित निर्णय क्षमता एवं प्रभावी रणनीति के परिणामस्वरूप एक बड़ी एवं ऐतिहासिक कार्यवाही को अंजाम दिया गया। प्राप्त विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर थाना बहेरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रुसल्ला के जंगल में बड़े स्तर पर अवैध जुआ संचालित होने की जानकारी प्राप्त हुई। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल योजनाबद्ध तरीके से थाना एवं क्षेत्र की दोनों चौकियों से संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

टीम में उप निरीक्षक मनीषा तिवारी, उप निरीक्षक सत्यव्रत धाकड़, प्र.आर. 1398 महेन्द्र प्रभाकर सहित अन्य पुलिस बल को शामिल किया गया तथा थाना सिविल लाइन से उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह को भी सहयोग हेतु साथ लिया गया। सुनियोजित तरीके से दबिश देते हुए पुलिस टीम द्वारा जुए के अड्डे पर रेड कार्यवाही की गई, जहां से 21 आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।



### जप्त मशरूका

6,45,000 नगद राशि, 21 मोबाइल फोन, 22 मोटरसाइकिल, 11 चार पहिया वाहन, 01 पिस्टल (फायर आर्म) एवं 01 चाकू, ताश की गड्डियां कुल मशरूका अनुमानित मूल्यः लगभग 45,00,000 लाख रुपये कुल नगद राशिः 6,45,000 रुपये । कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी बहेरिया उप निरीक्षक विद्यानंद यादव एवं रात्रि सेक्टर-2 के गश्ती अधिकारी उप निरीक्षक राजेश शर्मा (थाना मकरोनिया) को भी मौके पर बुलाकर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई गई तथा समस्त घटनाक्रम से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में प्रशिक्षु आईपीएस दीपांशु द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व क्षमता, त्वरित निर्णय, उत्कृष्ट टीम समन्वय एवं अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अत्यंत सराहनीय रही।

### सागर पुलिस की अपील

सागर पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।




## 17 मरीज इलाज के लिए भोपाल भेजे

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में प्रति रविवार की भांति पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के निवास गणनायक से क्षेत्र के उपचाररत मरीजों को उनके परिजनों सहित बेहतर इलाज हेतु भोपाल रवाना किया गया। पूर्व मंत्री पं गोपाल भार्गव ने बताया कि जिला दमोह के किशुनगंज पथरिया से एक ही परिवार के 04 सदस्य प्रद्युम्न गुप्ता, प्रीति गुप्ता, निधि गुप्ता एवं महेन्द्र गुप्ता जिन्हें पेट एवं हड्डी संबंधी समस्याएं हैं, साथ ही ग्राम लखरोनी के जमना कुर्मी, जो हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित हैं एवं टीकमगढ़ के शिव नारायण विश्वकर्मा,जो किडनी की समस्या से ग्रसित है को भी उपचार हेतु भेजा गया। कुल 17 मरीजों को उनके परिजनों सहित 38 लोगों को वातानुकूलित बस एवं एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल भेजा गया है। इनमें 02 कैंसर, 02 हृदय, 02 श्वास, 03 किडनी, 01 हर्निया सहित अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज शामिल हैं। भोपाल स्थित निवास पर सभी मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन, विश्राम एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उपचार में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## रहली में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**रहली ।** विकासखंड रहली में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के छात्रों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने जल संरक्षण थीम पर रंगोलियां बनाई । आज के कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्रीमतीअंजली पाठक जी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में बताया यह कार्यक्रम 19 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा यह कार्यक्रम तीन चरणों में चलना है प्रथम चरण 19 मार्च 27 मार्च द्वितीय चरण 28 मार्च से 4 मई में तक तृतीय चरण5 मई से 30 जून तक चलेगा दीवार लेखन रंगोली जल संवाद नदी तालाब में श्रमदान कार्यक्रम आदि के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

## स्वावलंबन से आत्मनिर्भर की ओर को दृष्टिगत करते हुए नि:शुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश एवं भारतीय स्त्री शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में स्वावलंबन से आत्मनिर्भर की ओर विषय को दृष्टिगत करते हुए प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ मिही लाल नगर पालिका अध्यक्ष, संस्थापक कुल पति डॉ. अनिल तिवारी, पार्षद राजा रिछारिया एवं भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तदोपरान्त अध्यक्षीय आसंदी से संस्थापक कुलपति डॉ. अनिल तिवारी ने कहा कि स्वावलंबन बीज है और आत्म निर्भरता उसका विशाल वृक्ष। अगर हम छोटे-छोटे काम अपने श्रम से करते हैं, तो धीरे-धीरे हम बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। यही सच्चा स्वावलंबन है और जब हर व्यक्ति अपने हुनर और श्रम से कुछ नया करेगा, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मिही लाल ने कहा कि जब हम अपने हुनर और श्रम पर भरोसा करते हैं, तो हमें किसी और पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। यही पहला कदम आत्म निर्भरता की ओर होता है। इससे हमें गर्व भी होता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। हर मातृशक्ति को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अपने भीतर की शक्ति को पहचानकर एक सशक्त और स्वतंत्र जीवन की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर भारत की राह पर अग्रसर है। आत्म निर्भरता केवल बड़े उद्योगों से नहीं, बल्कि ऐसी छोटी-छोटी कार्य शालाओं से स्वदेशी भाव जागृत होता है। मातृशक्ति का आत्मनिर्भर होना न केवल उनके व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज की प्रगति के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। हर मातृशक्ति में असीम क्षमता होती है, बस उसे पहचानने और सही दिशा में उपयोग करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि पार्षद राजा रिछारिया ने अपनी शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि इस केन्द्र से दीनदयाल क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर होकर स्वालंबी होने का मार्ग प्रषस्त होगा। यह केन्द्र सुविधाजनक है। शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से मातृशक्तियां अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बन सकती हैं। उन्हें अपने सपनों पर विश्वास रखना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए। छोटी-छोटी कोशिशें और निरंतर मेहनत उन्हें बड़ी सफलता दिला सकती हैं। आत्मनिर्भर मातृशक्ति न केवल अपने जीवन के निर्णय खुद लेती है, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी प्रेरित करती है।

इस अवसर पर भारतीय स्त्रीशक्ति की नगर निगम अधिकारी कल्पना श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा उपाध्याय, नेहा पाठक प्राचार्य लोटस पब्लिक स्कूल, सचिव सुमन तिवारी, प्रशिक्षक सुलोचना तिवारी, डॉ. लखन पटेल, पं. शिवम महाराज, ज्योति राजपूत, संगीता अहिरवार के साथ क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन अपरान्ह 03 बजे से संध्या 05 बजे तक संचालित होगा।

**कैलाश खेर ने कहा लगता है किसी पौराणिक स्थल पर कैलासा संजीव हो उठा है**

# डोहेला महोत्सव : कैलाश खेर के गीतों पर झूम उठा किला मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा खुरई किला प्रांगण स्थित डोहेला मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ के अभिषेक और मां बीजासन की पूजा अर्चना के बाद भव्य आतिशबाजी के साथ शुरू हो गया। पहले दिन प्रसिद्ध गायक शिवभक्त पद्मश्री श्री कैलाश खेर की प्रस्तुति ने किला मैदान मैदान में मौजूद लगभग एक लाख दर्शकों को झूमने पर मेंबर कर दिया। अपने संबोधन में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि खुरई का किला खंडहर बन चुका था हमने इसे ईडन गार्डन स्टेडियम की तरह हरी घास और सौंदर्य से भर दिया है। आज यह बड़ा पर्यटन स्थल है, खुरई की सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का केंद्र बन गया जिससे सैकड़ों परिवारों की आर्थिक व्यवस्था सुनिश्चित होती है। अपने संबोधन में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि खुरई के डोहेला महोत्सव ने मुंबई और खुरई तथा अमीरी और ग़रीबी के बीच की दूरी मिटा दी है। जिन बड़े कलाकारों को देखने लोग मुंबई जाते थे उन्हें खुरई के किला डोहेला में लाकर आम लोगों के बीच लाइव परफार्मेंस के लिए बुला कर ऐसा अवसर बना दिया कि गरीब भी उनका परफार्मेंस आमने सामने बैठकर देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि खुरई की युवा पीढ़ी को खुरई का इतिहास जानना चाहिए, उन्हें पता होना चाहिए कि सन- 1707 में राजा खेमचंद्र दांगी ने इस किले को बनवाया फिर 1752 में किले के भीतर डोहेला मंदिर का निर्माण हुआ जो बड़ा ही पुण्य स्थल है। डोहेला महोत्सव के आयोजन के साथ आज किला डोहेला खुरई की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान बन चुका है।



उन्होंने कहा कि करोड़ों की राशि खर्च करके प्लानिंग के साथ खुरई किले और खुरई नगर को भविष्य के नगर के रूप में बदला है। उन्होंने गायक कैलाश खेर के बारे में दर्शकों को बताया कि वे हिंदी के साथ अनेक क्षेत्रीय भाषाओं में गाते हैं। लोक संगीत और सूफी कला के मिश्रण ने उनकी कला को अनूठा बनाया है। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर हैं। नारी सशक्तिकरण सहित अनेक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े हैं। अनेक राज्यों के ब्रांड एंबेसडर हैं। कैलाश खेर ने कहा कि ऐसा विहंगम दृश्य, ऐसी स्ट्रैसलेस आडिएंस खुरई की है। लग रहा है शिव के किसी धाम या पौराणिक स्थल पर कार्यक्रम देख रहा हूं। डोहेला महोत्सव का नाम सुना तो लगा कि इस जागृत धरती पर यहां कैलासा की सजीव प्रस्तुति होगी। उन्होंने कहा कि आज की प्रस्तुति सिर्फ मनोरंजन नहीं एक अनुभूति है।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने खुरई किले के भीतर डोहेला मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर भगवान शिव और भगवान विष्णु से तथा मां बीजासन मंदिर के दर्शन कर आयोजन की निर्विघ्न सफलता हेतु आशीर्वाद लिया। मंच पर वेदपाठी ब्राह्मणवृंद ने स्वस्ति वाचन किया। भूपेन्द्र सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नन्हीं बाई अहिरवार, उपाध्यक्ष राहुल चौधरी सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने सरस्वती पूजन तथा कन्यापूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने तथा युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने प्रसिद्ध गायक शिवभक्त कैलाश खेर का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उनकी टीम के सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। इसके पहले पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मार्केट कांप्लेक्स में लगे व्यवसायिक परिसर में लगे स्टालों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को देखा।

गायक कैलाश खेर ने अपने हिट गानों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने "हेरी सखी मंगल गाओ" तथा "विनती सुन लो आज"से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। फिर लगातार'अगड़म बगड़ बम बम लहरी', 'अल्लाह के बंदे हंस दे' तथा स्वदेश, मंगल पांडे, कॉरपोरेट, फना, बाहुबली और दंगल जैसी फिल्मों के हिट गीतों को मंच से प्रस्तुत किया। उन्होंने सूफी-फोक शैली के गाने 'तेरी दीवानी' और 'सइयां' जैसे गाने सुनाए तो पब्लिक झूम उठी।

## खुरई में नरवाई जलाने पर एफआईआर : टीहर गांव के 3 किसानों पर मामला किया पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

प्रशासन ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध के बाद भी कुछ किसान खेतों में खड़ी नरवाई जला रहे हैं। जिसको लेकर प्रशासन ने अब सख्ती शुरू की है। जिसके चलते जिले में नरवाई जलाने पर पहली एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, खुरई तहसील के ग्राम टीहर में कुछ किसानों ने अपने खेत में खड़ी नरवाई में आग लगाई। आग ने भीषण रूप लिया। आसपास के लोगों ने आग को बुझाया। मामले की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पंचनामा कार्रवाई की गई। जिसके बाद प्रशासन ने मामले को लेकर शिकायती आवेदन खुरई थाने में सौंपा। शिकायती आवेदन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने किसान बृजेन्द्र सिंह लोधी, निहाल सिंह लोधी और दीपेश सिंह लोधी पर एफआईआर दर्ज की है।

### किसानों से नरवाई न जलाने की अपील

कलेक्टर संदीप जीआर ने जिले के किसानों से फसल की कटाई के बाद बचा खेत में बची नरवाई नहीं जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है। भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाती है। इसके अलावा इससे आसपास के इलाकों जंगल में आग लगने का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने किसानों को नरवाई के निस्तारण के लिए वैकल्पिक उपाय जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर का उपयोग, मल्चर मशीन का उपयोग करने या कंपोस्टिंग विधि से अवशेषों को नष्ट करने की सलाह दी है।



## गढ़ाकोटा परियोजना में आयोजित हुआ 'शाला पूर्व शिक्षा सेमिनार'

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में महिला एवं बाल विकास, रहली एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास विभाग रहली की गढ़ाकोटा परियोजना द्वारा शाला पूर्व शिक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें 7 आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव-पत्र एवं गतिविधियों क़ो डेमो द्वारा प्रतिभागी कार्यकर्ताओं के बीच प्रस्तुत किया। बच्चों क़ो नियमित आँगनवाड़ी केंद्र में बुलाकर उनके साथ सीखने-सिखाने की आनन्दमय एवं रोचक गतिविधियाँ करने के तरीकों पर चर्चा की गई। इसमें प्रतिभागी कार्यकर्ताओं क़ो खेल, कला, शारीरिक, संज्ञानात्मक एवं सामाजिक जैसे सभी विकास क्षेत्रों से जुड़ी खेल आधारित गतिविधियों द्वारा 3-6 वर्ष के बच्चों के साथ स्थानीय एवं परिवेशीय संसाधनों का टीएलएम के रूप में इस्तेमाल करने पर समझ बनाने व सीखने के अवसर मिले। इस सेमिनार कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने अपने द्वारा बनाई टीएलएम समाग्री व उन पर बच्चों के साथ होने वाली गतिविधियों क़ो एक-दूसरे से साझा किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संगीता तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, तहसीलदार महेश दुबे गढ़ाकोटा, परियोजना अधिकारी शीतल पटेरिया, सेक्टर सुपरवाइजर राजेश्वरी चौबे, स्नेहलता जैन, बबिता भदौरिया, प्रियंका सेन एवं अज़ीम प्रेमजी संस्था के राकेश कुमार, लवकुश, अमित कुमार, सत्य प्रकाश द्विवेदी उपस्थित रहे।



## अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक का ग्राम बरखेड़ा खुमान में हुआ आयोजन

**सागर।** नरयावली विधानसभा के ग्राम बरखेड़ा खुमान में अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अहिरवार महासभा सागर के अध्यक्ष काशीराम अहिरवार ने की। मुख्य अतिथि एडवोकेट धन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने अपने एक के बाद एक बच्चे की बालिदान देकर भी इस समाज के लिए आगे बढ़ाने का काम किया है एवं बाबा साहब अंबेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया है जोकि पूरी दुनिया में कहीं नहीं है । विशेष अतिथि राकेश अहिरवार ने कहा कि हमें समाज के प्रत्येक बच्चे को संविधान के बारे में बताना चाहिए एवं संविधान के बारे में पढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम को कलू माते, शंकर माते, डॉ राजकुमार अहिरवार, नंदू दाऊ खजुरिया, अमित सूर्यवंशी, राकेश अहिरवार, रामसेवक अहिरवार, लखन अहिरवार, जीवनलाल घरजोडे एवं अन्य साथियों ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन प्रदीप अहिरवार सचिव ने किया एवं कार्यक्रम में सभी ने 14 अप्रैल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को हर्षोल्लास से गरिमामय तरीका से मनाने पर सहमति दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजा अहिरवार करौली, लखन अहिरवार बांदरी, रामसेवक सेमरा, लखन कोलुआ, अमित अहिरवार, सदन अहिरवार भैंसा, कुंजीलाल मदनपुर, लखन लाल कोलूआ सहित 50 - 60 ग्रामों के अहिरवार समाज के लोग उपस्थित थे।

## श्री चित्रगुप्त भगवान के प्राकट्योत्सव दिवस पर होगा वाहन रैली का भव्य आयोजन

**सागर।** बुंदेलखंड कायस्थ समाज के तत्वावधान में 23 अप्रैल दिन गुरुवार को कायस्थ समाज के आराध्य देव प्रभु श्री चित्रगुप्त भगवान के प्राकट्योत्सव दिवस पर तहसीली स्थित भैरव बाबा हनुमान मंदिर से शाम 4 बजे आयोजित होने वाली विशाल वाहन रैली को मुख्य अतिथि के रुप में सागर विधायक शैलेन्द्र जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जाएगा। जो शहर के मुख्य मार्ग सिविल लाइन, गोपाल गंज, डिग्री कालेज, परकोटा, तीनबत्ती, जामा मस्जिद से विजय टाकीज चौराहे से घूमकर राधा तिराहा से नमकमंडी से पुनः तीनबत्ती होती हुई कोतवाली की घटिया चढ़कर एलिवेटेड कॉरिडोर से होकर मुख्य बस स्टैंड दीनदयाल चौराहे पर एक विशाल आम सभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। रैली को बुंदेलखंड कायस्थ समाज के अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, संदीप वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, रविप्रकाश श्रीवास्तव, आशीष वर्मा ने वाहन रैली को सफल बनाने की अपील की ।

## खबर संक्षेप



### बिजली मीटर में आग लगने से मचा हड़कंप

**टीकमगढ़।** शहर के कलेक्ट्रेट रोड स्थित भटनागर कॉलोनी में सोमवार को एक मकान में लगे बिजली के मीटर में अचानक आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद मीटर से करीब 15 से 20 मिनट तक लगातार चिंगारियां निकलती रहीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना के समय मीटर के ठीक पास एक चार पहिया वाहन खड़ा था, जिसे स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए समय रहते वहां से हटा लिया, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही मोहल्ले के लोग तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। मौके पर मौजूद नागरिकों ने दमकल टीम के पहुंचने का इंतजार किए बिना ही बचाव कार्य शुरू कर दिया। लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बालू रेत और घरों में रखे निजी अग्निशामक यंत्रों का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल वाहन को मौके पर रवाना कर दिया गया था, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही स्थानीय नागरिकों द्वारा आग बुझा दी गई थी। उन्होंने कहा कि फिलहाल मीटर में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और संबंधित विभाग द्वारा मामले की तकनीकी जांच की जा रही है।

### आकाशीय बिजली ने खेत में काम कर रही महिला की ली जान

**टीकमगढ़।** जिले के चंदेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जैवर में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना बीती शाम की बताई जा रही है, जब महिला अपने खेत में काम कर रही थी। अचानक मौसम खराब हुआ और तेज गरज-चमक के साथ गिरी बिजली ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी रश्मि जैन के अनुसार मृतका की पहचान बिचकू पत्नी चतुर्भुज कुशवाहा निवासी ग्राम जैवर के रूप में हुई है। बताया गया कि वह रोज की तरह खेत पर कार्य कर रही थी, तभी अचानक मौसम में बदलाव हुआ और देखते ही देखते आकाशीय बिजली गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही जैवर चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए जतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के मौसम में इस प्रकार की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं।

कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन हुआ सख्त, अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू

# जाम और हादसों की जड़ पर वार बुल्डोजर से हटाए गए अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर में बढ़ते अतिक्रमण, लगातार लग रहे जाम और सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशो के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर सोमवार से शहर में अस्पताल चौराहे से ईदगाह मार्केट तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। इस अभियान का नेतृत्व नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया एवं एसडीएम संस्कृति मुदित लिटोरिया द्वारा किया गया। नगर पालिका और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुल्डोजर चलाकर अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण हटाए, जिससे शहर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा सके। प्रशासन की टीम ने सिविल लाइन रोड, जिला अस्पताल चौराहा, चाट चौपाटी तिराहा, पुलिस लाइन क्षेत्र सहित कई स्थानों पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई की। इस दौरान फुटपाथ पर अवैध रूप से रखी दुकानों, हाथ ठेलों, टीन शेड और सड़क तक बढ़ाए गए निर्माण को जेसीबी की मदद से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति रही और कई लोगों ने खुद ही अपने ठेले और सामान हटाना शुरू कर दिया। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।




### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के बाद लिया गया सख्त निर्णय

एक सप्ताह पूर्व आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शहर में बढ़ते अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। बैठक में यातायात प्रभारी कैलाश पटेल ने बताया था कि अस्पताल चौराहा से लेकर ईदगाह और पुलिस कंट्रोल रूम के आगे तक लगातार लोग फुटपाथ और सड़क किनारे दुकानें रखकर कब्जा करते जा रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। बैठक में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद प्रशासन ने यह सख्त कार्रवाई शुरू की है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम संस्कृति मुदित लिटोरिया, तहसीलदार सतेंद्र सिंह गुर्जर, एसडीओपी राहुल कटरे, कोतवाली प्रभारी रवि भूषण पाठक और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की मॉनिटरिंग करते रहे।

### बदहाल थी यातायात व्यवस्था, बढ़ रही थीं दुर्घटनाएं

नपा सीएमओ भदौरिया ने बताया कि शहर में लंबे समय से सड़कों और फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। मुख्य चौराहों और तिराहों पर सड़क किनारे ठेले और दुकानों के कारण सड़कें सिकुड़ गई थीं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। कई बार एम्बुलेंस और आपातकालीन वाहनों को निकलने तक की जगह नहीं मिलती थी, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता था। सड़कों के संकरे होने और अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों को अचानक मोड़ लेना पड़ता था या गलत दिशा में वाहन निकालना पड़ता था, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा था। खासकर अस्पताल चौराहा, सिविल लाइन और चाट चौपाटी क्षेत्र में कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। प्रशासन ने इसी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सड़क सुरक्षा अभियान के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को जोड़ते हुए यह अभियान शुरू किया है।

### नोटिस के बाद भी नहीं चेते तब की बुल्डोजर कार्रवाई

एसडीएम संस्कृति मुदित लिटोरिया और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि अतिक्रमणकारियों को कई बार लिखित और मौखिक रूप से नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन को सख्ती करते हुए बुल्डोजर की कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और जब तक शहर अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जाता, तब तक कार्रवाई रुकने वाली नहीं है।

### फुटपाथ पर अतिक्रमण से चलने की भी नहीं बची थी जगह




एसडीएम लिटोरिया ने कहा कि अस्पताल चौराहा से ईदगाह तक सड़क के दोनों ओर लोगों ने अस्थाई दुकानें लगाकर फुटपाथ तक पर कब्जा कर लिया था। नगर पालिका द्वारा लोगों के बैठने के लिए फुटपाथ पर लगाई गई बेंचों को भी अतिक्रमणकारियों ने हटाकर वहां दुकानें जमा ली थीं। हालत यह हो गई थी कि पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ पर जगह तक नहीं बची थी और लोगों को मजबूरी में सड़क पर चलना पड़ता था, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया था।

### शहर को जाम व दुर्घटनाओं से मुक्ति दिलाना उद्देश्य




कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर चलाया जा रहा यह अभियान शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों को सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि अतिक्रमण हटने से सड़कों की चौड़ाई बढ़ेगी, जाम की समस्या कम होगी और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अब सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान लगातार चलाया जाएगा।

18 साल से चला रहे निःशुल्क प्याऊ

## प्यासे राहगीरों को गर्मी में अब फिर से मिलेगा शीतल जल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों, मजदूरों और यात्रियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शहर की समाजसेवी संस्था मानवीय संवेदना समिति द्वारा स्थानीय नए बस स्टैंड पर निःशुल्क प्याऊ का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं राहगीरों को शीतल जल वितरण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मातृशक्ति संगठन की अध्यक्ष श्रद्धा सिंह चौहान, जया बुंदेला एवं मधु मिस्त्री विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हरेंद्रपाल सिंह, इंजीनियर विवेक जैन, एमपी गुप्ता एवं बादल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र चंसौरिया द्वारा किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने समिति के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार की व्यवस्था आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती है। राहगीरों, मजदूरों एवं यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना एक पुनीत कार्य है, जो मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण है। समिति के सचिव मनीराम कठैल ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानवीय संवेदना समिति द्वारा पिछले 18 वर्षों से लगातार निःशुल्क प्याऊ का संचालन किया जा रहा है।

समिति का उद्देश्य भीषण गर्मी में राहगीरों, मजदूरों एवं जरूरतमंद लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराकर उनकी प्यास बुझाना है। उन्होंने कहा कि यह सेवा कार्य आगे भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जारी रहेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में यह प्याऊ संचालित किया जाता है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों को निःशुल्क शीतल जल उपलब्ध कराया जाता है। यह सेवा कार्य केवल जल वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का संदेश भी देता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

अस्पताल परिसर में बरसाए लाठी डंडे, वीडियो वायरल

## छेड़खानी करना पड़ा महंगा भीड़ ने सरेआम सिखाया सबक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिला अस्पताल परिसर में सोमवार को छेड़खानी के आरोप में एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। महिला के साथ बदतमीजी से आक्रोशित लोगों ने आरोपी को दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ा और लात-घूंसों के साथ डंडों से पीट दिया। इस दौरान अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया और मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो भी बना लिया, जो तेजी से चर्चा का विषय बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिटाई इतनी तेज थी कि आरोपी के कपड़े तक फट गए। मारपीट के दौरान आरोपी भागने की कोशिश करता रहा, लेकिन मौजूद लोगों ने उसे पकड़कर नहीं छोड़ा। बाद में सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी कुमैदान मोहल्ला निवासी जमालुद्दीन काजी है, जिसकी कोतवाली के पास लहंगा चुनरी की दुकान बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि आरोपी का महिलाओं और लड़कियों से छेड़खानी करने का पुराना इतिहास रहा है। पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि जमालुद्दीन काजी पूर्व में नगर रक्षा समिति का सदस्य रह चुका है, लेकिन इसी तरह की हरकतों के चलते उसे पहले ही समिति से हटा दिया गया था। इस खुलासे के बाद मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि पीड़ित महिला और उसके परिजनों द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल परिसर में हुई इस पूरी घटना के वीडियो को भी साक्ष्य के रूप में खंगाला जा रहा है। अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर की सख्त रणनीति निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

अपील करते हुए पुलिस अधीक्षक ने जारी की एडवाईजरी



जिलेवासियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं सतर्क रहकर अपने घर, दुकान और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित बनाने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस द्वारा नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे अपने घरों और दुकानों में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। घर में केवल आवश्यक मात्रा में ही नगदी और आभूषण रखें तथा शेष संपत्ति बैंक खातों और लॉकर में सुरक्षित रखें। यदि किसी कारणवश घर खाली छोड़कर बाहर जाना हो तो इसकी सूचना अपने विश्वसनीय पड़ोसी और नजदीकी थाना या चौकी में अवश्य दें।

पुलिस ने यह भी कहा है कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति को बिना पहचान के घर में प्रवेश न दें और संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। घरों के दरवाजों और खिड़कियों पर मजबूत ताले एवं सुरक्षा अलार्म सिस्टम लगाने की भी सलाह दी गई है। साथ ही सोशल मीडिया पर यात्रा या घर खाली होने की जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा न करने और रात्रि में अनावश्यक बाहर न निकलने की अपील की गई है। एसपी मंडलोई के निर्देश पर जिले में रात्रि 12 बजे से सुबह 5 बजे तक थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ चिन्हित सुनसान क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रहे हैं। जिले की सीमाओं पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा मोबाइल वाहनों के माध्यम से पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। राजपत्रित अधिकारियों को औचक निरीक्षण और थाना क्षेत्रों के भ्रमण के निर्देश दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। साथ ही क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। रात्रि में घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी जांच भी कराई जा रही है, ताकि संभावित अपराधों को समय रहते रोका जा सके। एसपी मंडलोई ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि उनकी सजगता ही उनकी सबसे बड़ी सुरक्षा है।

बुंदेली जनसंवाद चौपाल, शिकायतों में 36% कमी

## संवाद से विश्वास व विश्वास से सुरक्षा है सशक्त समाज की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

पुलिस का मानना है कि संवाद के माध्यम से ही विश्वास मजबूत होता है और विश्वास से ही सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनती है। और इसी सुदृढ़ व्यवस्था से सशक्त समाज की नींव बनती है। ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस और आमजन के बीच विश्वास, सहभागिता एवं सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा संचालित बुंदेली जनसंवाद चौपाल पहल चलाई जा रही है। इस पहल के माध्यम से पुलिस न केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रही है, बल्कि लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान भी कर रही है, जिससे पुलिस और आमजन के बीच विश्वास लगातार बढ़ रहा है। बुंदेली जनसंवाद चौपाल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। जिसके कारण शिकायतों में लगभग 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी नियमित रूप से गांवों में पहुंचकर चौपाल आयोजित कर रहे हैं। इन चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है और उनके निराकरण के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। बिगत 5 अप्रैल को थाना देहात, बुढ़ेरा, मोहनगढ़ चौकी अस्तोन, बंधा, देवरदा, खिरिया एवं मजना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बुंदेली जनसंवाद चौपाल का आयोजन किया गया।



पुलिस अधिकारियों द्वारा कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। चौपाल के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को चोरी, घर एवं कृषि उपकरणों की सुरक्षा सहित संपत्ति संबंधी अपराधों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और व्यवहारिक जानकारी दी गई।


जिलाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण, कार्यकर्ताओं ने सुना सीएम का लाइव संबोधन

# 808 बूथों पर लहराया भाजपा का ध्वज, मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिलेभर में उत्साह, उमंग और संगठनात्मक शक्ति के प्रदर्शन के साथ मनाया गया। जिले के सभी 808 बूथों पर स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव संबोधन कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत द्वारा किया गया।

भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी बूथों पर बूथ अध्यक्ष, संयोजक, मुख्य वक्ता एवं अतिथियों की उपस्थिति में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के पूर्व संध्या पर कई बूथों पर स्वच्छता अभियान, रंगोली कार्यक्रम और दीपोत्सव जैसे आयोजन भी किए गए, जिससे पूरे कार्यक्रम को उत्सव का स्वरूप दिया गया। नगर भाजपा कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी एवं अश्वनी चढ़ार, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू, जिला उपाध्यक्ष विकास यादव सहित अनेक पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी द्वारा किया गया तथा आभार भाजपा उपाध्यक्ष प्रजातंत्र गंगेले ने व्यक्त किया।



कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान गाया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। लाइव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना जनकल्याण के उद्देश्य से हुई थी और पार्टी का आधार उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जिसने देश को अपना परिवार मानते हुए सेवा भाव से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति, गरीब और वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक लंबे संघर्ष के बाद स्थापित होने वाला संगठन है, जिसने अपना प्रत्येक क्षण राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित किया है। पार्टी का उद्देश्य जनकल्याण के साथ-साथ समाज में राष्ट्र चेतना की भावना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को उनका हक दिलाने और समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की मूलक पार्टी है, जो समाज के बीच से निकलकर देश और समाज के लिए कार्य करती है। भाजपा ने सांस्कृतिक मूल्यों के साथ भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है और सरकार जनकल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ भाजपाइयों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सुशीला राजपूत, प्रतेंद्र सिंधई, ब्रजकिशोर तिवारी, जनमेजय तिवारी, डॉ. सुमित उपाध्याय, मुन्नालाल साहू, विवेक अग्रवाल, जाहिद खान, चीकू यादव, अजय सिंह गौर, अरविंद श्रीवास्तव, अंकित तिवारी, शिवाजी नायक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पलेरा में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस



**पलेरा।** नगर में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बूथ स्तर पर हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सर्किट हाउस परिसर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष पवन सिंग्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, सरस्वती माता एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पूजा-अर्चना, तिलक एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, कल्लू विश्वकर्मा, संजू बाबा, अवध बिहारी नापित, अजुद्दी पाल, अजुद्दी चढ़ार, कार्यालय मंत्री तेज खान, कोषाध्यक्ष मनीष कंथरिया सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में मंडल अध्यक्ष द्वारा कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की खुशी साझा की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह, संगठन के प्रति समर्पण और पार्टी की विचारधारा के प्रति निष्ठा का भाव देखने को मिला। जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि संगठन की ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता से ही बनती है और उसी के बल पर संगठन मजबूत होता है।

## 35 गांव चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को लेकर धरना दिया

# ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाने किसानों ने घेरा कलेक्ट्रेट, ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शनिवार को हुई ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा एवं फसल बीमा क्लेम दिलाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को किसानों ने जंगी प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। इस दौरान 35 गांव चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए धरना भी दिया गया।उधर कांग्रेसी नेताओ ने किसानों के साथ हाइवे पर जाम लगाकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया।

किसानों द्वारा दिए गए कॉल के अनुसार दोपहर 12:00 बजे से किसान पटेल चौक पर एकत्रित होने लगे और दोपहर एक बजे के बाद कलेक्ट्रेट के लिए पैदल मार्च निकालकर रवाना हुए। किसान हाथों में विभिन्न नारे लिखी तख्तियां लिए नारेबाजी करते चल रहे थे, यह नारे तब अधिक हो गए जब पुलिस ने आंदोलित किसानों को कलेक्ट्रेट में प्रवेश करने से रोक दिया। इस दौरान किसान नेताओं की पुलिस से खूब बहस हुई। किसानों ने जमकर नारेबाजी की, इसके बाद पुलिस ने किसानों को कलेक्ट्रेट के अंदर जाने दिया। बाद में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम गगन सिंह मीणा को सौंपा। जिसमें तत्काल सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए, महंगाई को देखते हुए आरबीसी में निर्धारित राशि को बढ़ाया जाए, जिन किसानों की फैसले बर्बाद हुई है उन्हें फसल बीमा का क्लेम संबंधित बीमा कंपनी से तत्काल दिलाया जाए इसके लिए जिला प्रशासन खुद पहल करें ना की किसानों पर जिम्मेदारी डाली जाए। ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों का बिजली बिल माफ किया जाए, सिंचाई कर माफ़ किया जाए, केसीसी का ब्याज माफ किया जाए, बिजली बिल वसूली स्थगित की जाए इत्यादि मांगे शामिल थी। प्रदर्शन में किसानों के साथकांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के नेता कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### 35 गांव नहर को लेकर अड़ गए किसान

ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजा को लेकर किए गए प्रदर्शन के दौरान उस समय असमंजस्य की स्थिति निर्मित होती दिखी जब कुछ किसानों ने 35 गांव चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना में हुए भ्रष्टाचार की मांग को लेकर न सिर्फ ज्ञापन दिया बल्कि मांग पूरी नहीं होने तक कलेक्ट्रेट पर धरना देने पर अड़ गए हालांकि अन्य किसानों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया कि आज सिर्फ ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के लिए प्रदर्शन किया जाए नहर से जुड़ी मांग को फिर कभी मिलकर प्रदर्शन करेंगे लेकिन नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना आंदोलन से जुड़े कुछ किसान नेता जिनमें राधेश्याम मूंडला शामिल थे आदि ने ज्ञापन के बाद कलेक्ट्रेट के गेट पर धरना दिया।



### अर्धनग्न होकर बैठे सड़क पर लगाया जाम, कलेक्टर के आश्वासन पर खोला

प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारी किसानों ने तब कलेक्ट्रेट से बाहर सड़क पर धरना देकर जाम लगा दिया जब उनकी बात बनती दिखाई नहीं दिखी। दरअसल 35 गांव नहर परियोजना में भ्रष्टाचार को लेकर किसान कलेक्टर से उनके पास आकर समस्या सुनने की मांग कर रहे थे और कलेक्टर अपने चैंबर में 5 लोगों के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा करने को तैयार थे पर किसान चैंबर में जाकर चर्चा करने की बात मानने को तैयार नहीं थे इसको लेकर आंदोलन कर रहे किसान भी दो फाड़ हो गए और उनमें से आधे किसान सड़क पर आकर प्रदर्शन करने लगे और जाम लगा दिया। जाम लगा कर अर्धनग्न प्रदर्शन करने में कांग्रेस नेता अधिक सक्रिय दिखाई दिए जिनमें विधायक बाबू जंडेल, कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी नीटू सिकरवार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा, किसान नेता राधेश्याम मूंड़ला आदि नाम प्रमुख रूप से शामिल थे। बाद में एसडीओपी राजीव गुप्ता ने जब आंदोलनकारियों को बताया कि कलेक्टर उनसे चर्चा करने को तैयार हैं लेकिन पहले जाम खोलना पड़ेगा। इस आश्वासन के बाद किसान सड़क से उठ कर कलेक्ट्रेट पहुंच गए जहां कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उनसे चर्चा की ओर ज्ञापन लिया।



### बगडुआ में किसानों ने फिर किया हाईवे जाम

उधर फसल के नुकसान का आंकलन करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दल गठित नहीं किए जाने से नाराज किसानों ने बगडुआ के पास हाईवे पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। सुबह 11:00 बजे करीब लगाया गया जाम बाद में अन्य किसानों की समझाइश के बाद खोल दिया गया लेकिन इससे किसानों की प्रशासन के प्रति नाराज़गी जरूर सामने आ गई। ज्ञात हो कि रविवार को भी किसानों ने यहीं पर हाईवे जाम किया था। लगातार यह दूसरा दिन है जब किसानों ने प्रभावित फसल का मुआवजा दिलाने के लिए जाम लगाया।



### भाजपा नेता मिले कलेक्टर से, मुआवजा की मांग की

भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में कलेक्टर अर्पित वर्मा से मुलाकात कर क्षेत्र में ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का टीम बनाकर तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा वितरण करने एवं फसल बीमा कंपनी से किसानों का फसल क्लेम दिलाने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, भाजपा नेता रामलखन नापाखेडली आदि मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट ने भी किसानों के साथ मिलकर कलेक्टर से मुलाकात की और प्रभावित हुई फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की।




### भारतीय किसान संघ ने फसल मुआवजा और गेहूं खरीद केंद्र शुरू करवाए जाने को लेकर दिया ज्ञापन

भारतीय किसान संघ ने ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा और बीमा की राशि दिलाने के साथही कर्ज माफ करने एवं समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी शुरू करने के लिए नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीएम के नाम ज्ञापन तहसीलदार मनीषा मिश्रा को सौंपा। जिला मुख्यालय के साथही किसान संघ ने इन मांगो को लेकर कराहल और बडौदा तहसील मुख्यालय पर भी सीएम के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन दिए जाने के दौरान भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी, हरिशंकर पालीवाल कराहल अध्यक्ष सियाराम गुर्जर, मंत्री होतम जाट, जिला उपाध्यक्ष मुकेश मीणा, मुकेश पालीवाल, रामचरण धाकड़, भूपेंद्र मीना, वीरेंद्र जाट, मूलचंद मीणा, भीम जाट,बाबूलाल मीणा एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे

## मेवातियान पंचायत के बैनर तले इज्तेमाई शादी आयोजित

# 'निकाह कबूल है' कहकर 54 जोड़े बने एक दूजे के हमसफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोमवार को मेवातियान पंचायत के बैनरतले मुस्लिम इज़्तिमाई शादी (सामूहिक विवाह सम्मेलन) आयोजित किया गया। इस विवाह सम्मेलन में शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी की टीम ने 54 जोड़ों के निकाह पढ़ाए।

शाम 4:00 से शुरू हुआ निकाह पढ़ाने का आयोजन शाम 6:00 तक संपन्न करा लिया। इस दौरान 54 जोड़ों के निकाह पढ़ाए गए। इज्तिमाई शादी में श्योपुर के अलावा सबलगढ़, वीरपुर, कैलारस, सवाई माधोपुर व आसपास गांव के जोड़े भी शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने के लिए मेवाती समाज के सरपंच एवं कमेटी के अध्यक्ष अहमद भाई (एमू मेवाती) लक्की भाई, सगीर मोहम्मद, अशफ़ाक खान, फैसल मोहम्मद, शरीफ मोहम्मद, सिद्दीक मोहम्मद, शानू मास्टर, अमन खान, बिट्टू शादाब आदि कमेटी सदस्यों ने शादी समारोह को सफल बनाने के लिए मुस्लिम समाज का आभार जताया।

# चार प्रतिशत अंशदान काटने पर जताया असंतोष, शासन को भेजा विरोध पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर महासंघ श्योपुर जिला इकाई की एक बैठक बीते रोज महासंघ के महासचिव राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निवास पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पेंशनर महासंघ के जिलाध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज ने की। इस बैठक में 21 जनवरी को सीएम के नाम दिए गए 9 सूत्रीय ज्ञापन में उल्लेखित मांगो के निराकरण की स्थिति पर चर्चा की गई। साथही केशलेश स्वास्थ्य बीमा योजना में पेंशनरों मूल पेंशन का चार प्रतिशत अंशदान काटने पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसका विरोध प्रकट किया तथा इस संबंध में विरोध पत्र शासन एवं प्रांतीय कार्यालय को कार्यवाही के लिए भेजा गया। बैठक में उपस्थित सभी सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों ने वरिष्ठ पेंशनर सदस्य कुसुम प्रभात शर्मा, विजय चुनेकर, विजय बहादुर हाडा, लीला बहिन के आकस्मिक निधन पर दुख प्रकट करते हुए मौन धारण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# भाजयुमो प्रदेश मंत्री ने मुख्यमंत्री को बताई जिले के किसानों की पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश मंत्री यश प्रताप सिंह चौहान ने सोमवार को भोपाल में आयोजित युवा मोर्चा की परिचय बैठक में आए मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात कर श्योपुर जिले में ओलावृष्टि से दो दर्जन से अधिक गांवो में किसानो को हुए नुकसान से अवगत करवाया। चौहान ने कहा कि पहले से ही किसानों को धान की



फसल में नुकसान उठाना पड़ा था ! किसानो की सहायता के लिए सर्वे करवाकर किसानो को मुआवजा दिलवाया जाए। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा करके किसानो को राहत दिलवाई जाएगी।

# सडकों का निरीक्षण करने भोपाल से आया दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सडको की गुणवत्ता परखने के लिए सोमवार को भोपाल से एक दल सडको का औचक निरीक्षण करने के लिए श्योपुर में पहुंचा। दो सदस्यीय दल में जेएस वघेल मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन भोपाल तथा गिरजेश शर्मा संभागीय प्रबंधक सडक विकास निगम इंदौर शामिल थे। भोपाल से आए इस दो सदस्यीय दल ने एमपीआरडीसी के एजीएम सुनील पुआरे, लोक निर्माण विभाग श्योपुर के कार्यपालन यंत्री पुष्कल प्रताप, पीआईयू के अनिल मित्तल आदि के अधिकारियों के साथ विजयपुर क्षेत्र में बन रही 8 किलोमीटर लंबी चिमलवानी से पटपडा सडक, गोहठा काठोन रोड से बांतेड सडक, विजयपुर में इकलौद तिराहे से गांधी चौक



तक सडक निर्माण कार्य तथा श्योपुर क्षेत्र में 5 किलोमीटर लंबी राडेप से मालीपुरा सडक का निरीक्षण किया। बताया गया है कि इस दल ने श्योपुर जिला मुख्यालय पर बन रहे सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण कार्य भी मौके पर पहुंचकर देखा।

### पटवारी के साथ हुई 11.11 लाख की ठगी

श्योपुर। श्योपुर के वार्ड क्रमांक 7 में रहने वाले पटवारी मनीष गुप्ता के साथ टेलीग्राम के माध्यम से 11 लाख 11 हजार 508 रुपए की बड़ी ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ठगों ने "**Amazon**122 **Gold Member Day Event**" नामक ग्रुप में जोड़कर टास्क पूरा करने के नाम पर रकम निवेश करवाई और बाद में पैसा वापस देने से इनकार कर दिया। इस मामले की पीडित पटवारी ने आनलाइन शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# बोत्सवाना से आए 9 में से 6 चीते सॉफ्ट रिलीज बाड़ों में शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कूनो नेशनल पार्क में बोत्सवाना से लाए गए कुल 9 चीतों में से 6 चीतों को क्वारंटाइन अवधि पूरी होने के बाद सॉफ्ट रिलीज़ बाड़ों में शिफ्ट कर दिया गया है। जिनमें 4 मादा और 2 नर चीता शामिल है। बता दें कि 28 फरवरी को बोत्सवाना से 6 मादा और 3 नर चीते कूनो पहुंचे थे। सभी चीतों को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत क्वारंटाइन में रखा गया था। आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण और संबंधित अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद अब 4 मादा और 2 नर चीतों को सॉफ्ट रिलीज़ बाड़ों में स्थानांतरित कर दिया गया। कूनो के अधिकारियों के मुताबिक बाकी बचे 3 चीतों को भी जल्द ही सॉफ्ट रिलीज़ बाड़ों में शिफ्ट किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि बोत्सवाना से आए सभी 9 चीते पूरी तरह स्वस्थ हैं और कूनो के वातावरण में अच्छी तरह ढल रहे हैं।

## नशे के खिलाफ देहात थाना पुलिस की तीन दिन में दूसरी बडी कार्रवाई

# घेराबंदी कर पुलिस ने पकडी गांजा से भरी कार, तीन तस्कर दबोचे, एक हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देहात थाना पुलिस ने अवैध नशा कारोबार के खिलाफ एक बडी कार्रवाई करते हुए गांजे से भरी एक कार को जब्त किया है। श्योपुर कोटा रोड से घेराबंदी करके पकडी गई कार से 30 किलो 750 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसके साथही तीन गांजा तस्करो को भी पकडा है। हालांकि एक गांजा तस्कर किसी तरह भागने में सफल हो गया। लेकिन पुलिस ने उसे नामजद कर लिया है। इसलिए वह तस्कर जल्द ही धर लिया जाएगा। चारो गांजा तस्करो में दो तस्कर राजस्थान के निवासी और दो तस्कर श्योपुर जिले के ही निवासी है।

खास बात यह है कि देहात थाना पुलिस की अवैध नशा कारोबार के खिलाफ तीन दिन के भीतर दूसरी बडी कार्रवाई की है। इसके पहले देहात थाना पुलिस ने 2 अप्रैल को 812 गांजे के साथ एक बाइक सवार तस्कर को दबोचा था। यही नहीं, पुलिस ने जिससे यह गांजा खरीदकर लाया गया था,उसके खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया। बता दें कि इन दिनों पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में श्योपुर पुलिस ने नशा कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए अभियान छेड दिया है। इसी अभियान के तहत देहात थाना पुलिस ने बीती शाम को एसपी के निर्देशन और एसडीओपी श्योपुर राजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर श्योपुर कोटा सडक मार्ग पर घेराबंदी करते हुए एक अर्टिका कार पकड लिया। हालांकि अर्टिका कार के चालक ने पुलिस को देखकर कार को भगाकर ले जाने का भी प्रयास किया,मगर पुलिस की सक्रियता के चलते ऐसा संभव नहीं हो सका। निमोदापीर तिराहे के पास से पकडी गई इस कार से 30 किलो 750 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 6 लाख 15 हजार आंकी गई है। वहीं जब्त की गई अर्टिका कार और मोबाइलों की कुल कीमत भी 14 लाख रूपए से अधिक आंकी गई है।



### दो तस्कर राजस्थान के, दो श्योपुर के

देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि घेराबंदी करके कार से तीन तस्कर दबोच लिए। जिन्होने पूछताछ के दौरान अपने नाम हरिओम सुमन पुत्र धनराज सुमन तथा गौरव पुत्र परमानंद सुमन निवासीगण कोटडादीप जिला कोटा राजस्थान, बलवीर पुत्र नारायण मीणा निवासी नागरगांवडा थाना देहात जिला श्योपुर बताए है। हालांकि एक तस्कर मौके से भागने में सफल हो गया। लेकिन उसे बलराम उर्फ गोलू मीणा निवासी ढोटी थाना देहात जिला श्योपुर के रूप में नामजद कर लिया है। इसलिए वह अब ज्यादा दिन तक पुलिस से बच नहीं पाएगा। उसे जल्द ही दबोच लिया जाएगा।

### उड़ीसा से जुडे दिख रहे तार

पुलिस के हत्थे चढे गांजा तस्करो के तार उडीसा के तस्करो से जुडे दिख रहे है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान यह बात सामने आई कि जो गांजा पकडा गया है,वह गांजा उड़ीसा से बीना होते हुए श्योपुर जिले में लाया गया है। पुलिस इस कारोबार में कौन कौन लोग लिप्त है,इसका पता लगाने में जुट गई है। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस कारोबार में जो भी लोग शामिल होगे,उनका पता करते हुए उन पर कार्रवाई करेंगे। इसके लिए पकडे गए तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करके एक दिन की पुलिस रिमांड पर ले लिया गया है।

### इनकी रही अहम भूमिका

नशे के खिलाफ की गई इस बडी कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के अलावा एएसआई हरिओम शर्मा,प्रआ जितेन्द्र दुबे,अरविंद वघेल,भगवती शरण, धर्मेन्द्र सिंह चौहान,प्रदीप सिंह सिकरवार,अखिलेश भदौरिया,प्रमोद चौरसिया,गिर्राज शर्मा, आरक्षक नवीन शर्मा, रवि खरे,जीतेन्द्र कुशवाह, योगेश शर्मा की अहम भूमिका रही है।

### कार्रवाई करेंगे

जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। जो लोग नशा कारोबार में लिप्त है,उन्हें सूचीबद्ध कर लिया है। अब उनके खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी छोडा नहीं जाएगा। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है।

सुधीर कुमार अग्रवाल
एसपी,श्योपुर

## दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया

# जिला कार्यालय पर मना भाजपा का स्थापना दिवस, ध्वजारोहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को दोपहर 12 बजे पार्टी का स्थापना दिवस बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया, इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने पार्टी के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन किया गया। इसके पश्चात पार्टी कार्यालय पर पार्टी के ध्वज का रोहण किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, ब्रजराज सिंह चैहान, जिपं अध्यक्ष गुड्डीबाई आदिवासी, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, दिनेशराज दुबौलिया, राघवेंद्र सिंह जाट, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू सोनी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, मंडल अध्यक्ष संजय मंगल बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा हैं, पार्टी के पितृ



पुरूष पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के मंत्र से विकसित भारत की और देश बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प और विश्वास के बल पर भारत के अनेको राज्यो में भाजपा की सरकार लगातार जनहित में योजनाओं का संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का दल आज देश का सदस्यता के अनुसार सबसे बड़ा दल है आज हमारे सदस्य संख्या 14 करोड़ है तथा हमारी 20 राज्यों में भाजपा प्लस एनडीए के सरकार है। हमारी पार्टी त्याग तपस्या और बलिदान की पार्टी है जनसंघ से जनता पार्टी और जनता पार्टी से भारतीय जनता पार्टी तक अनेक असंख्य कार्यकर्ताओं नेताओं के बलिदान और समर्पण के कारण आज हमारा यह पार्टी का संगठन पूरे भारत देश में फैल चुका है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के संदेश हुआ लाइव प्रसारण

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के राज्य स्तरीय स्थापना दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, इस दौरान सभागार में पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे जिन्होंने भाजपा के इतिहास और आगामी कार्ययोजनाओ के बारे में संदेश को सुनकर बूथ स्तर तक उसे क्रियान्वित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### उत्तर पुस्तिकाओं का रविवार को 100 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा हुआ

**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चल रहा था जो 5 अप्रेल को पूरा हो गया है। 100 प्रतिशत मूल्यांकन पूर्ण होने की जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल को दी गई है। मूल्यांकन अधिकारी बीके बामोरिया ने बताया कि अशोकनगर जिला मुख्यालय पर बनाए गए मूल्यांकन केन्द्र उत्कृष्ट विद्यालय पर 87285 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आईं थीं। इन उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य निरंतर किया जा रहा था, 5 अप्रेल को 54 परीक्षको की उपस्थिति में मूल्यांकन का 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है, जिसमें अंग्रेजी और संस्कृत की सर्वाधिक उत्तर पुस्तिकाएं 14400 प्रत्येक विषय के रूप में मूल्यांकन के लिए आई थीं इनके अलावा अन्य विषयों की भी उत्तर पुस्तिकाएं थीं। इस प्रकार हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा की 45156 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आई थीं, इन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 100 प्रतिशत पूरा हो गया है। जिनमें सर्वाधिक उत्तर पुस्तिकाएं अंग्रेजी विषय की 10800 उत्तर पुस्तिकाएं थीं।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम बमुरिया नई निवासी गोलू पुत्र दिना चंदेल उम्र 24 साल ने अज्ञात कारणों के चलते देवेन्द्र रघुवंशी की खेत की मेढ़ के पास जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था जहां उसकी मौत हो गई।

### एसडीएम और राजस्व अधिकारी खेतों में पहुंचे, फसल की जांच-पड़ताल की

# जिले के करीब एक दर्जन गांवों में ओलावृष्टि, 40 प्रतिशत तक नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

षनिवार रात को जिले के करीब एक दर्जन गांवों में ओलावृष्टि हुई। इस ओलावृष्टि से बहादुरपुर तहसील एवं अषोकनगर तहसील का कचनार-राजपुर क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। ओलावृष्टि से पहले देर षाम को बादल गहरा गए थे। काफी देर तक बादल गरजे, बिजली कौंधती रही, इसके बाद तेज बौछारों के साथ पानी बरसने लगा। पानी के साथ ओले गिरे तो कई गांवों के किसान रो पड़े। जसैया निवासी राजभान सिंह यादव ने बताया कि गेंहू की फसल पूरी तरह से पककर तैयार है। हार्वेस्टर न मिलने के कारण काटने में देरी हो रही थी, इसी बीच ओलावृष्टि हो गई। इससे कहीं-कहीं तो 40 प्रतिषत तक नुकसान हो गया। गेंहू की बाली टूटकर जमीन पर आ गिरी, तेज हवाओं के चलने से फसल आड़ी होकर खेतों में बिछ गई। रविवार सुबह एसडीएम मुंगावली इसरार खान, राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण अहिरवार, हल्का पटवारी सुरेष बैरागी जसैया गांव में पहुंचे थे। जहां उन्होंने खेतों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

#### दमदमा-मोलाडैम में बिछ गई सफेद चादर

बहादुरपुर तहसील क्षेत्र के दमदमा और मोलाडैम गांवों में ओलावृष्टि से सफेद सी चादर जमीन पर बिछ गई। दमदमा के किसान संतोष गुर्जर ने बताया कि अधिकांष फसलें काटी जा चुकी हैं लेकिन जिन फसलों की बोवनी देरी से हुई थी, उन खेतों में अभी भी गेंहू खड़ा है। ओलों के बरसने से इन खेतों में ही सर्वाधिक नुकसान हुआ है। बताया गया है कि इस क्षेत्र के टीटौर, जसैया, बांसखेड़ी, फुटेरा, जमुनिया, दमदमा, मोलाडैम, गोरा, गदूली, कुम्हर्रा, खोपरा, सोपरा, बर्री गांवों में ओलावृष्टि हुई है। वहीं राजपुर-कचनार क्षेत्र के बामौरा गांव में भी ओलावृष्टि के समाचार हैं।

#### खेतों में बिछ गई सोने जैसी फसल

बर्री के किसान जगन्नाथ ओझा ने बताया कि फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी, लेकिन इस बेमौसम मार ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। ओलावृष्टि से फसलों के दाने झड़ गए हैं और गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है, जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बेर के आकार के गिरे ओलों ने खेतों में खड़ी और कटकर रखी हुई फसलों को जमीन पर बिछा दिया है।

#### शहर में ठंडक, पर दो दिन अभी और भारी

जिला मुख्यालय पर भी देर रात तक रुक-रुक कर मध्यम बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रविवार सुबह हालांकि धूप खिलने से थोड़ी राहत मिली, लेकिन मौसम विभाग की चेतावनी ने धुकधुकी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि अगले 48 घंटों तक जिले में बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहा।

#### प्रशासन से मुआवजे की आस

फसलों की बर्बादी देख किसान अब सरकार और प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। प्रभावित गांवों के किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की राशि प्रदान की जाए, ताकि उन्हें इस संकट की घड़ी में कुछ सहारा मिल सके। दूसरी ओर प्रषासन की ओर से पटवारियों ने भी रविवार सुबह ही कई गांवों में पहुंचकर नुकसान का प्रारंभिक आंकलन किया है।

**आंकलन किया है**

हमने आज ओलावृष्टि से प्रभावित सभी गांवों में नुकसान का प्रारंभिक आंकलन किया है। जिसमें 6-7 गांवों में गेंहू की फसल आंषिक तौर पर प्रभावित हुई है। एक-दो दिन में पटवारियों द्वारा रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी तैयारी की जाएगी।

**अंजनि कुमार चैधरी**, प्रभारी तहसीलदार, बहादुरपुर

### दूसरी बाईक पर बैठे 3 युवक घायल

## ट्रैक्टर ने दो बाईकों में टक्कर मारी, एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





अशोकनगर गुना सड़क मार्ग पर एक ट्रेक्टर चालक ने रास्ते से गुजर रही दो अलग अलग बाईकों में टक्कर मार दी। इस घटना में पहली बाईक चालक की मौत हो गई जबकि दूसरी बाईक पर बैठे 3 युवक घायल हो गए।

घटना के बार में बताया गया है कि सड़क मार्ग से गुजर रहे एक ट्रेक्टर चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाईक चला रहे 18 वर्षीय बेंहटा निवासी बिन्दराजा पुत्र घुमान अहिरवार को उस समय टक्कर मार दी जब वह पीलीघटा से चक्की पर आटा लेने जा रहा था। बाईक पर एक बच्चा राजवीर भी बैठा हुआ था। इस घटना के दौरान ट्रेक्टर चालक ने बाईक को टक्कर मार दी, इस घटना में बिन्दराजा अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के शव को रविवार को शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम किया गया। ट्रेक्टर चालक ने इसी मार्ग पर एक दूसरी बाईक को टक्कर मारी दी, यह बाईक चालक गुना से अपने 2 साथियों के साथ घर वापिस लौट रहा था। ट्रेक्टर की टक्कर से बाईक पर बैठे तीनों युवक घायल हो गए। घायलों में ग्राम ठेका निवासी आयुष पुत्र सोवरन सिंह उम्र 24 साल, सारसखेडी निवासी कृष्णभान पुत्र गुमान सिंह उम्र 25 साल और भादौन निवासी अजय पुत्र इन्दर सिंह यादव उम्र 26 साल शामिल है। तीनों घायलों को शाढ़ौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### टेकरी धाम पर गले से सोने की चैन खींचकर भागा चोर



**शाढौरा।** शाढ़ौरा में टेकरी धाम पर भंडारे के लिए विक्की श्रीवास्तव निवासी गुना विगत दिवस 3 अप्रैल को शाढ़ौरा की टेकरी सरकार के मंदिर में दोपहर के समय अपने मामा द्वारा आयोजित भंडारे में आई हुई थी। भंडारे में भीड़ भाड बहुत थी। तभी किसी ने अचानक उनके गले से सोने की चैन चोरी कर ली। कुछ देर में उनके साथ हुई घटना समझ में आई उन्होने अपने गले में पहने हुए चैन की ओर देखा तो गले से सोने की चेन गायब थी। इसके बाद चोर की भी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली, इसके तुरंत बाद थाने में आवेदन देकर सूचना दी। जिसके बाद आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पिछले 14 दिन से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी, शहर में गंदगी का अंबार

### कर्मचारियों और प्रशासन के बीच गतिरोध दूर करने के प्रयास नहीं हुए



**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद चंदेरी में पिछले 14 दिनों से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी है, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अपनी मांगों पर अड़े कर्मचारियों और प्रशासन के बीच गतिरोध कम होने के बजाय और गहराता जा रहा है। अब इस मामले में भीम आर्मी की एंट्री और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कड़े रुख ने प्रशासन को हाई अलर्ट पर ला दिया है।

#### शहर में बढ़ा बीमारियों का खतरा बदबू से आमजन बेहाल

हड़ताल के कारण पूरे नगर में गंदगी के ढेर लग गए हैं। हवा में फैलती दुर्गंध और नालियों के जाम होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हालांकि, प्रशासन कुछ वैकल्पिक कर्मचारियों के जरिए मुख्य मार्गों की सफाई करवा रहा है, लेकिन यह प्रयास ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहे हैं।

#### भीम आर्मी का तालाबंदी का ऐलान, प्रशासन की दो टूक

सफाई कर्मियों के समर्थन में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने सोमवार को नगर पालिका घेराव और तालाबंदी का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस संदेश के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। सीएमओ प्रदीप शर्मा ने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर और एसपी को भी सूचित कर दिया गया है।

#### केंद्रीय मंत्री सिंधिया का सख्त रुख

सूत्रों के अनुसार, दिशा की बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चंदेरी की बिगड़ती सफाई व्यवस्था पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस तरह की बार-बार होने वाली हड़तालें शहर के विकास और स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन को स्थिति से निपटने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

#### नगर पालिका सेवा नियम क्या कहता है कानून?

नपा अधिनियम की धारा 87 और 88 के तहत गठित राज्य नगरीय स्वच्छता सेवा के सदस्यों पर शासकीय सेवकों वाले नियम लागू होते हैं। इसमें स्पष्ट है कि सेवा शर्तों, आचरण और विभागीय अनुशासन के मामले में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियम सर्वोपरि हैं, जिनका उल्लंघन अनुशासनात्मक कार्रवाई का आधार बन सकता है।

**कार्रवाई की जाएगी**

सफाई कर्मियों की मांगों से शासन को अवगत कराया जा चुका है। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या शासकीय कार्य में अड़ंगा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस बल तैनात रहेगा।


**मनीष धनगर**, एसडीएम, चंदेरी

कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। स्थिति का आकलन कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**राजीव कुमार मिश्रा**, पुलिस अधीक्षक, अशोकनगर

### बड़े बाबा का अभिषेक और शांतिधारा

## मुनि श्री दुर्लभ सागर का भियादांत में भव्य मंगल प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के परम शिष्य एवं शिक्षा प्रदाता परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम शिष्य, महातपस्वी महायोगी मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र भियादांत में बडे बाबा का अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुंगावली, चंदेरी एवं जिले के विभिन्न नगरों से पधारे श्रावक-श्राविकाओं ने अभिषेक और शांतिधारा में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। इसके पश्चात आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की सुंदर सुसज्जित अष्टद्रव्य संगीत मय पूजन आचार्य श्री से दीक्षित दीदियों द्वारा अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न की गई। पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से परिपूर्ण हो गया। अपने मंगल आशीर्वचन में मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने कहा कि यह अत्यंत मनोहारी और दुर्लभ प्रतिमा इस शांत एवं निरंजन स्थान पर विराजमान है। इसकी केश विन्यास शैली अत्यंत अद्भुत है और इसकी तुलना लंदन के संग्रहालय में स्थित भगवान की प्रतिमा से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को अपने जीवन के संताप दूर करने हों तो माह की अमावस्या के दिन श्रद्धापूर्वक श्रीफल चढ़ाकर निवेदन करें, उनकी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं और दुख-संताप दूर हो जाते हैं।

मुनि श्री ने चंदेरी जैन समाज को संदेश देते हुए कहा कि भियादांत जी को अपना इष्ट देव मानें। जब समाज इन्हें अपना इष्ट देव मानकर श्रद्धा रखेगा, तब समाज में सुख-समृद्धि और संपन्नता का विस्तार होगा। उन्होंने "भियादांत" शब्द का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा भ से भय दूर होता है,य से यातनाएँ समाप्त होती हैं,द से दरिद्रता दूर होती है, त से संताप और ताप मिट जाते हैं।

# हितग्राही सम्मेलन में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

### संवाद कर शासन की योजनाओं से अवगत कराया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर विधानसभा के जनपद मैदान में आयोजित विशाल हितग्राही सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने हजारों हितग्राहियों से संवाद करते हुए उन्हें विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन जनविश्वास और सहभागिता का प्रतीक बन गया। इस दौरान उन्होंने 3 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

#### आवास, आजीविका और सम्मान का सशक्त आधार

सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत 7,317 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 4,139 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष आवास निर्माणाधीन हैं। साथ ही मार्च 2026 में 5,534 नए आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 1,733 हितग्राहियों को प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। इस अवसर पर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 8 स्व-सहायता समूहों को 27 लाख की सीसीएल राशि वितरित की गई, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की नई दिशा मिलेगी।

#### दिव्यांगजन सशक्तिकरण और जनसेवा की प्रतिबद्धता

कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि अशोकनगर जिले में 1,456 दिव्यांगजनों को 5,172 सहायक उपकरण प्रदान किए जा चुके हैं। पूरे संसदीय क्षेत्र में यह संख्या 8,640 लाभार्थियों तक पहुंच चुकी है, जिन्हें लगभग 7 करोड़ मूल्य के उपकरण वितरित किए गए हैं। यह पहल केवल सहायता नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### अशोकनगर को मिली विकास कार्यों की नई गति

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर लगभग 70 लाख की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 2 करोड़ 55 लाख की लागत से 15 कार्यों का लोकार्पण किया गया। ये कार्य क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### ब्राह्मण समाज की हुई बैठक

## 19 को निकलेगी परशुराम की शोभायात्रा, होंगे कई आयोजन



**अशोकनगर।** स्थानीय परशुराम मंदिर सर्व ब्राह्मण महापंचायत धर्मशाला में ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई यह बैठक शाम 4 बजे प्रारंभ हुई जिसमें सर्वसम्मति से 19 अप्रेल को विशाल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

इसको लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। मीटिंग में 19 तारीख को प्रातः 8:00 बजे निकलने वाली भव्य यात्रा में सभी लोग से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर शोभायात्रा को सफल बनाने का आवाहन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश चैधरी ने ब्राह्मण समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सह परिवार इस शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आह्वान किया। साथ ही विभिन्न युवाओं ने भी अपने-अपने सुझाव दिए।

### 950 में से 280 आवेदनों का मौके पर ही किया निराकरण

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जन सुनवाई के माध्यम से सीधे आमजनों से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं पिपरई और कचनार के बाद अब ईसागढ में जन सुनवाई का कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। इस दौरान 950 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें 280 आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया।

#### टोकन प्रणाली से सुव्यवस्थित जनसुनवाई

कार्यक्रम के दौरान टोकन प्रणाली के माध्यम से आवेदनों का क्रमबद्ध पंजीकरण किया गया, जिससे प्रत्येक आवेदक को व्यवस्थित तरीके से अपनी बात रखने का अवसर मिला। लम्बित मामलों की ऑनलाइन ट्रैकिंग की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर मामले का निराकरण हो और जिसका न हो उसका कारण प्रस्तुत किया जाए।

#### आवेदकों की समस्याएं अधिक निराकरण कम

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन सुनवाई कार्यक्रम में इतने बड़े पैमाने पर आवेदकों की समस्याएं आ रही हैं कि उनकी समस्याओं का निराकरण उस पैमाने पर नहीं हो पा रहा है। ईसागढ को ही देखिए जहां इतनी बड़ी संख्या में आवेदक आए और निराकरण न के बराबर हुआ। यही स्थिति पिपरई और कचनार में रही, यहां भी आवेदक बड़ी संख्या में पहुंचे और समस्याओं का निराकरण कम संख्या में हुआ, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में आम आदमी के समस्याएं कितनी हैं, जिसे देखो वहीं समस्या से घिरा है लेकिन उसका निराकरण न तो अधिकारिक स्तर पर हो रहा है और न ही राजनैतिक स्तर पर हो रहा है। आवेदक पूरे दिन अपनी समस्या का हल होगा इस आशा से कतार में खड़े रहते हैं लेकिन उनकी समस्या को लेकर दरियादिली सामने नहीं आ रही है, चाहे वह मुख्यमंत्री जन सुनवाई का कार्यक्रम हो या फिर सिंधिया के स्तर पर होने वाली जनसुनवाई का आयोजन हो, आवेदकों को निराशा ही हाथ लग रही है।



#### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने फूंक बावडी एवं किले का किया निरीक्षण

शासन के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में अभियान के क्रियान्वयन हेतु केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को ईसागढ़ की प्राचीन फूंक बावडी एवं किले पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये गये, साफ सफाई कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने नगर परिषद को आश्स्वत किया कि इस सुंदर बावडी का सत्यापन और निरीक्षण भारत सरकार की टीम द्वारा कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्राचीन धरोहरों को चंदेरी की तरह ईसागढ़ में भी संवारा जायेगा।